HINDI / ENGLISH

# हॉस्पिस (Hospice) देखभाल

**जीवन को सीमित करने वाले या लाइलाज रोग से ग्रस्त किसी व्यक्ति के लिए ऐसा समय आ सकता है जब उनका जीपी या पारिवारिक चिकित्सक उन्हें हॉस्पिस सेवा के प्रति निर्दिष्ट करने का सुझाव दे सकता है। हॉस्पिस का नाम लिए जाने से कई लोगों में भय और चिंता पैदा हो सकती है। हॉस्पिस देखभाल तथा आपको और आपके प्रियजनों को इससे सहायता मिलने के तरीकों के बारे में अवगत होने से यह कदम आसान बन सकता है।**

## हॉस्पिस देखभाल क्या होती है?

हॉस्पिस लाइलाज रोग के अंतिम चरणों में पहुँच चुके लोगों को(सहायक) को सम्मिलित किया जाता है देखभाल प्रदान करता है, जिसमें उपचार के बजाए आराम और जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

हॉस्पिस सेवाएँ दर्द और अन्य लक्षणों के प्रबंधन के साथ-साथ रोगियों, उनके परिवारों/ रिश्तेदारों और देखभालकर्ताओं को भावनात्मक तथा आध्यात्मिक(सहायता) देने पर केंद्रित होती हैं।

अलग-अलग हॉस्पिस में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएँ अलग-अलग हो सकती हैं, परंतु इन सभी में संभावित रूप से निम्नलिखित सेवाएँ शामिल होती हैं:

- चिकित्सीय और नर्सिंग देखभाल
- सामाजिक कार्यों में सहायता, परामर्श और आध्यात्मिक समर्थन
- उपचार, जिनमें फिजियोथेरेपी और संपूरक उपचार शामिल हैं
- शोक देखभाल
- परिवारों/whānau और देखभालकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण और समर्थन सेवाएँ

## हॉस्पिस देखभाल का शुल्क

हॉस्पिस देखभाल और सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं।

हॉस्पिस को केंद्र सरकार से अपना अधिकाँश वित्त-पोषण प्राप्त होता है; परंतु सेवाओं को नि:शुल्क बनाए रखने के लिए वित्त-पोषण पैदा करने के अवसर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हॉस्पिस देखभाल में प्रवेश

प्रत्येक हॉस्पिस के लिए अपने स्वयं के पात्रता मानदंड और निर्दिष्टिकरण प्रक्रिया होती है। अपने जीपी या देखभाल टीम से इस बारे में बात करें कि आपको या आपके किसी प्रियजन को हॉस्पिस के लिए निर्दिष्ट किया जाना सहायक होगा या नहीं। अपने क्षेत्र में उपलब्ध हॉस्पिस सेवाओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप वेबसाइट www.hospice.org.nz पर जा सकते हैं।

## हॉस्पिस देखभाल के बारे में साधारण मिथक

### हॉस्पिस में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आपको एक रोगी के रूप में वहाँ रहना आवश्यक होता है

कई हॉस्पिस इनपेशियंट देखभाल प्रदान करते हैं, परंतु उनके पास ऐसी सेवाएँ भी उपलब्ध होती हैं जो लोगों को उनके घर में देखभाल प्राप्त करने में सहायता देती हैं। हॉस्पिस कर्मी समुदाय में पारिवारिक चिकित्सकों और जिला नर्सों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

### हॉस्पिस चिकित्सीय देखभाल पर केंद्रित होते हैं

हॉस्पिस देखभाल एक समग्र दृष्टिकोण है जिसमें शारीरिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक और सामाजिक आवश्यकताओं के लिए समर्थन शामिल होता है। एक बहु-विषयक टीम जिसमें चिकित्सक, नर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, सलाहकार और थेरेपिस्ट शामिल हो सकते हैं, न केवल जीवन के अंतिम चरण में पहुँच चुके व्यक्ति की देखभाल करती है, बल्कि उस व्यक्ति के परिवार, whānau और मित्रों के लिए भी देखभाल उपलब्ध कराती है।

### एक बार हॉस्पिस में प्रवेश करने के बाद आप बाहर नहीं आ सकते हैं

कई रोगी अपने दर्द और लक्षणों को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने या कुछ दिनों के लिए राहत देखभाल प्राप्त करने के उद्देश्य से हॉस्पिस में प्रवेश करते हैं, और फिर वापिस घर आ जाते हैं। कुछ हॉस्पिस, परिवारों/whānau और देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल भूमिकाओं से अंतराल लेने के लिए राहत देखभाल (respite care) उपलब्ध कराते हैं।

### हॉस्पिस केवल कैंसर रोगियों के लिए ही उपलब्ध होते हैं

हॉस्पिस सेवाओं का उपयोग करने वाले अधिकाँश रोगियों को कैंसर की बीमारियाँ होंगी, परंतु जीवन को सीमित करने वाले किसी भी रोग से ग्रस्त व्यक्ति इन सेवाओं का उपयोग कर सकता है। इसमें मोटर न्यूरॉन रोग, उन्नत मनोभ्रंश और गुर्दे, हृदय या फेफड़े के रोगों से ग्रस्त अंतिम चरण में पहुँच चुके व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं।